कर्टेन रेजर प्रेस विज्ञप्ति

भरतपुर में 7 और 8 मार्च को मनाया जायेगा ‘ब्रज होली फेस्टीवल‘

जयपुर, 4 मार्चः भरतपुर में जिला प्रषासन तथा पर्यटन विभाग द्वारा 07 और 08 मार्च को ‘ब्रज होली फेस्टीवल‘ का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस आयोजन के दौरान भरतपुर, डीग, कामां में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

7 मार्च की डीग के विष्व प्रसिद्ध जल महलों में राजस्थान के विभिन्न अंचलों के प्रसिद्ध लोक कलाकार जैसे बम रसिया, ढोला, चकरी, तेरह ताली, अलगोजा, सहरिया, कच्ची घोडी, बहुरूपिया स्वांग, बैल नृत्य, भपंग वादन आदि के कार्यक्रम तथा रंगीन फव्वारों का प्रदर्षन भी किया जायेगा। इसी रोज षाम को नई दिल्ली के प्रसिद्ध श्रीराम भारतीय कला केन्द्र के द्वारा श्रीकृष्णा-डान्स ड्रामा का आयोजन भी डीग महल परिसर में किया जावेगा।

8 मार्च को कामां के मन्दिरों (श्री गोकुल चन्द्रमा जी, श्री मदन मोहन जी, राधा बल्लभ, गोपीनाथ जी) में गुलाल होली, कुन्ज गुलाल होली, लड्डू होली, दूध-दही होली, फूलों की होली का आयोजन किया जावेगा। दोपहर एक बजे गोपीनाथ जी मन्दिर से राधा बल्लभ जी मन्दिर तक षोभा यात्रा निकाली जावेगी जिसमें राजस्थानी कलाकारों के साथ फूलों की होली एवं लट्ठमार होली का प्रदर्षन भी किया जावेगा। सांयकाल कोट ऊपर स्टेडियम में महारास सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसी दिन शाम को एम.एस.जे. का◌ॅलेज ग्राउण्ड, भरतपुर में बा◌ॅलीबुड के सुप्रसिद्ध पाष्र्व गायक श्री कुमार सानू की संगीतमय संध्या का आयोजन होगा।

‘ब्रज होली फेस्टीवल‘ के दौरान दोनों दिन (7 एवं 8 मार्च) को वन विभाग तथा पर्यटन विभाग के सहयोग से केवलादेव नेषनल पार्क में वर्ड फेयर, नेचन वाक, सेमीनार तथा सुप्रसिद्ध छायाकारों की फोटो प्रर्दषनी लगायी जावेगी। उक्त सभी कार्यक्रम घना के निदेषक श्री बीजो जाय के मार्गदर्षन में होंगे।

इसके अतिरिक्त ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए दोनों दिन लोहागढ़ स्टेडियम में कबड्डी, रस्साकसी, क्रिकेट, महिला कुष्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावेगा।

For more info please contact:
Mr. Daleep Singh Rathore
Dy. Director,
Tourist Reception Centre, Bharatpur
Department of Tourism
Tel.: 05644-222542
Email: daleepsingh-dot@rajasthan.gov.in, trcbharatpur-dot@rajasthan.gov.in
Website: http://www.rajasthantourism.gov.in/Home.aspx

Media Coordination:
Jagdeep Singh
M: 09829065787
Kamal Kant
M: 09571836810